हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

13 हटकेशरवासियों के लिए मुसीबत बना पाइपलाइन के लिए खोदा ...



14 निगम का कमाल, पहली बार स्वच्छता में थी स्टार





कामप्टेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रात: 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

## खबर संक्षेप

### ब्राम्हण समाज की बैठक 19 को

**धमतरी।** जिला ब्राम्हण समाज की बैठक 19 जुलाई शनिवार को दोपहर 2 बजे सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे रखी गई है जिसमें समाज के संगठन के विस्तार और आगामी कार्य योजना पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी विनोद पांडेय महासचिव ने दी है।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम मुनईकेरा निवासी गणेशराम मरकाम पिता अमरसिंग उम्र 35 वर्ष किसानी का काम करता था। बुधवार की रात्रि युवक ने अपने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन युवक को रात्रि में ही उपचार के लिए नगरी अस्पताल ले गए। गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने युवक को रिफर कर दिया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह युवक की मौत हो गई।

सात साल में दो हजार से ज्यादा किसानों ने नहीं पटाया समितियों का कर्ज

# भरपूर समर्थन मूल्य, फिर भी डिफाल्टर हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खेती के लिए ब्याजमुक्त ऋण और भरपूर समर्थन मूल्य के बाद भी किसान डिफाल्टर हो रहे हैं। कर्ज माफी के बाद से अब तक 2 हजार से ज्यादा किसान कर्ज नहीं पटा पाए हैं। इसमें से 671 किसान तो डिफाल्टर है, जिन्होंने लंबे समय से सहकारी समितियों का ऋण नहीं चुकाया है। डेढ़ हजार से ज्यादा किसानों ने पिछले रबी सीजन का ऋण नहीं पटाया है।

अन्नदाता किसानों को मदद पहुंचाने के लिए शासन ने खजाने का मुंह खोल रखा है। भरपूर समर्थन मूल्य, ब्याजमुक्त अल्पकालीन कृषि ऋण, किसान सम्मान निधि सहित कई प्रकार से किसानों को मदद पहुंचाई जा रही है। खाद, बीज, कृषि यंत्र सहित अन्य सामग्री खरीदी के लिए सब्सिडी भरपूर दी जाती है। इसके बाद भी कई किसान ऋण पटाने में कोताही बरत रहे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2018 में किसानों का कर्ज माफ किया था। इसके बाद से लेकर अब तक 671 किसान डिफाल्टर हो चुके हैं, जिन्होंने लंबे समय से जिला सकारी बैंक का अल्पकालीन ऋण नहीं पटाया है। अब तो रबी सीजन का कर्ज पटाने की तिथि भी निकल चुकी है। डेढ़ हजार से ज्यादा किसानों ने यह ऋण चुकता नहीं किया है।



फाइल फोटो

### ऋण पटाने की तिथि समाप्त, लगेगा ब्याज

किसानों को खेती के लिए अल्पकालीन ऋण दिया जाता है, जो शासन की ओर से ब्याजमुक्त होता है। इस ऋण को किसानों को नियत अवधि में पटाना होता है। नहीं पटाने की स्थिति में किसानों से वार्षिक 16 प्रतिशत ब्याज दर के साथ ऋण की वसूली की जाती है। इस साल रबी सीजन के ऋण पटाने की तिथि भी निकल चुकी है। ऐसे में इन किसानों से जुलाई माह से ब्याज की वसूली की जाएगी।

### करोड़ों की वसूली बाकी

पिछले रबी सजीन में जिला सहकारी बैंक से 14850 किसानों को 59 करोड़ 38 लाख रुपए का ऋण दिया गया था। इसमें से 13263 किसानों ने 53 करोड़ 91 लाख रुपए का ऋण चुकाया है। 1587 किसान 5 करोड़ 47 लाख रुपए दबाए बैठे हैं। पिछले साल की खरीफ में 294 किसानों पर 62 लाख रुपए का बकाया है। इससे पहले से 377 किसानों पर 3 करोड़ 25 लाख रुपए का बकाया है। कुल 2285 किसानों पर 9 करोड़ 34 लाख रुपए का ऋण बाकी है। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में किसानों ने लघु और दीर्घकालीन ऋण भी ले रखा है। इनमें से कई किसान डिफाल्टर की श्रेणी में है।

## नरहरा जलप्रपात की ओर मखना हाथी

- पर्यटकों पर मंडरा रहा खतरा

**धमतरी।** नरहरा जलप्रपात के आसपास मखना हाथी का विचरण हो रहा है। निगरानी दल हाथी की निगरानी में लगा हुआ है। पर्यटन क्षेत्र में हाथी के पहुंचने की संभावना से सैलानियों पर खतरा बना हुआ है। फिलहाल नरहरा वाटरफाल को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। उत्तर सिंगपुर रेंज के एससीएफओ डीएस साहू ने बताया कि गुरुवार शाम को कक्ष क्रमांक 116 कोटरवाही से नजदीक जंगल में हाथी का पदचिन्ह मिला है और वह कक्ष क्रमांक 112 केरेगांव रेंज की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि हाथी विचरण वाले क्षेत्र के आसपास के गांव भालुचुआ, झुरातराई, झाझरकेरा, धनबुड़ा, पहंदा, देवगांव, बोदलबहरा, छलकनी, सरगी, केवरा डी, जामली आदि गांव को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि नरहरा वाटरफाल से हाथी दूर है। वाटरफाल की ओर हाथी पहुंचता है तो वाटरफाल जाने वालों को मना किया जाएगा। बताया जा रहा है कि नरहरा जलप्रपात देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। नरहरा हाथी कॉरिडोर होने से पर्यटकों पर खतरा मंडरा सकता है।

# नियम बदलने से अधिवक्ताओं के पेशे पर संकट

- जनसुविधा केंद्रों को रजिस्ट्री दस्तावेज तैयार करने की छूट देने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जनसुविधा केंद्रों और सामान्य व्यक्तियों को जमीन की रजिस्ट्री के दस्तावेज के प्रारूप को तैयार करने की छूट देने का विरोध करते हुए अधिवक्ताओं ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपकर उन्होंने एनजीडीआरएस साफ्टवेयर के लिए अधिवक्ताओं और पंजीकृत दस्तावेज लेखकों को आईडी पासवर्ड देने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भूमि की खरीदी-बिक्री एवं विक्रय से संबंधित दस्तावेजों (रजिस्ट्री) का प्रारूप तैयार करने की सुविधा जनसेवा केंद्रों (चॉइस सेंटर) अथवा अन्य सामान्य व्यक्तियों के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। अधिवक्ताओं और पंजीकृत दस्तावेज लेखकों ने इसका विरोध किया है। गुरुवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बताया कि खरीदी बिक्री संबंधी दस्तावेज का काम अब तक अधिवक्ता और पंजीकृत दस्तावेज लेखक करते आ रहे हैं। इस नियम में बदलाव से उनकी आजीविका पर विपरीत असर पड़ेगा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भुनेश्वर सिन्हा ने कहा कि दस्तावेज लेखन एवं विक्रय पत्र का निर्माण एक तकनीकी एवं विधिक प्रक्रिया है, जो प्रत्यक्ष रूप से नागरिकों के संपत्ति अधिकारों, वित्तीय हितों तथा भविष्य के संभावित विवादों से जुड़ा होता है। यह कार्य केवल विधिक योग्यता एवं विशेषज्ञता रखने वाले अधिवक्ताओं अथवा प्रमाणित दस्तावेज लेखकों द्वारा ही किया जाना चाहिए, जिससे दस्तावेज विधि सम्मत, स्पष्ट, त्रुटिरहित एवं विवाद रहित बना रहे। सचिव सौरभ मिश्रा ने बताया कि इस कार्य को जन सेवा केंद्रों व अन्य अप्रमाणित व्यक्तियों को सौंपे जाने से आम जनता को विधिक त्रुटियों के कारण भविष्य में गंभीर नुकसान उठाना पड़ सकता है। वर्षों से इस व्यवसाय से जुड़े अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। यह न केवल उनके पेशे के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न करता है, बल्कि न्यायिक प्रणाली की आत्मा के विरुद्ध भी है।

इस अवसर पर अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू, उपाध्यक्ष नंदकुमार सिन्हा, क्रीड़ा सचिव शंकर देवांगन, तारा देवांगन, मोहित देवांगन, सहसचिव अनादि त्रिपाठी, निमेष वाही, सुनील सालुंके, सचिन जाचक, यदुनंदन सिन्हा, अजय कुंभकार, रामजी साहू, मनोहर लच्छवानी, प्रकाश गुप्ता, दिव्यांशु साहू, हरेश कुमार नाग, तोरण तिवारी, पंकज ओझा, रामेश्वरी देवांगन, गौरव सोलंकी, किशोरपुरी गोस्वामी, माया कोल, गायत्री माया गोस्वामी, राजेश सिन्हा, विशाल रणसिंह, योगेश्वरी साहू, त्रिभुवन साहू, अशोक मोहन साहू, अंतरा ठाकुर, तनेश्वरी साहू, अनिल साहू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

हरिभूमि पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



### भ्रष्ट सरकार की पोल खुल गई : गौतम वाधवानी

# जैम पोर्टल में धांधली, राज्यपाल से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जैम पोर्टल के माध्यम हो हो रही धांधली के खिलाफ कांग्रेसियों ने मोर्चा खोल दिया है। शासन में बैठे लोग अब जैम पोर्टल के माध्यम से अपने लोगों को चुपचाप टेंडर दिलाने का काम कर रही है जिससे आम जनता त्रस्त है। कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी के नेतृत्व में गुरुवार को इसके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। खिलाफ में नारे लगे। भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम शिकायत पत्र एसडीएम कार्यालय में सौंपा गया।

प्रदर्शन के दौरान श्री वाधवानी ने पत्रकारों को बताया कि आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से जैम पोर्टल में गड़बड़ी की गई, जिसमें एक जग 32 हजार का बताया जा रहा है। इस मामले का उजागर होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार को घेरा और टेंडर को तत्काल निरस्त करने की मांग की जिस पर टेंडर निरस्त किया गया। जैम पोर्टल में खरीदी के माध्यम से भ्रष्ट सरकार की मंशा की पोल खुल गई। जीएसटी नंबर और पोर्टल में दर्ज फर्क के नाम से कोई दुकान ही नहीं है। बल्कि इस नाम से अभनपुर में छोटा सा किराना दुकान है जिसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

श्री वाधवानी ने बताया कि जैम पोर्टल का दुरुपयोग हो रहा है। सरकार में बैठे लोग चुपचाप अपने लोगों के नाम से टेंडर ले रहे हैं। निगम के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता दीपक सोनकर, ब्लाक अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि डेढ़ लाख के टीवी स्क्रीन, सीपीयू को दस लाख में खरीदने का काम जैम पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। सरकार जनता को खुलेआम लूट रही है । कांग्रेसियों ने इससे पूर्व गांधी मैदान में जमकर प्रदर्शन किया। भ्रष्ट सरकार व उनके नुमाइंदों के खिलाफ खूब नारे लगाए। इसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष आमदी नपं ऋषभ ठाकुर, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, गुरुगोपाल गोस्वामी, देवेंद्र देवांगन, पंकज देवांगन, राजा देवांगन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष, अजय सिन्हा, लेखराम साहू, वातांजलि गोस्वामी, अनूप नेताम, दीपक साहू सहित अन्य कांग्रेस उपस्थित थे।

## रामलला दर्शन के लिए भखारा से श्रद्धालु रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है। इसी क्रम में भखारा से भी अयोध्या दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। सभी ने कहा कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या का दर्शन सभी श्रद्धालुओं के जीवन में नई ऊर्जा संचारित करेगा और आस्था का संचार करेगा। भगवान श्रीराम की नगरी का दर्शन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति है। ऐसी यात्रा से यात्रा, सामाजिक एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ शासन की महती श्री रामलला दर्शन योजना के तहत धमतरी जिले के 131 श्रद्धालु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। हरख जैन, छबिलाल निर्मलकर, चोवा ढीढी, कमलेश साहू समेत जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों ने सभी श्रद्धालुओं के मंगलमय यात्रा की कामना की। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा राज्य के रामभक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्याधाम में श्री राम के दर्शानार्थ लाटरी सिस्टम से बुधराम सोन का चयन धमतरी में हुआ और वाराणसी अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुए।

**खबर संक्षेप**

### मेधावी छात्र परीक्षा में देवराज द्वितीय

**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय बोड़रा में कक्षा 7वीं में अध्ययनरत छात्र ग्राम आमाचानी निवासी देवराज ने मेधावी छात्र परीक्षा में पूरे प्रांत स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने परिवारजनों को गौरवान्वित किया है। वे डायमंड साहू, टुकेश्वरी साहू के पुत्र हैं। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य शंकरलाल साहू, त्रिलोचन साहू, गोविंद साहू, गोपाल साहू, मिथिलेश साहू, खूबलाल साहू, डोमार साहू, सालिकराम साहू, राधेश्याम साहू सहित विद्यालय के शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

## ट्राइसिकल पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिले

■ जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी ने भानु व मोहन को दी हैंड ट्राइसिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



सरकार और विभिन्न संस्थाओं द्वारा दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्राइसिकल वितरित की जा रही है ताकि उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के तहत जनपद पंचायत कुरूद द्वारा ग्राम जोरातराई (अ) के दिव्यांगजनों को साइकिल हैंड ट्राइसिकल वितरित की गई।

जनपद पंचायत कुरुद में अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू के विशेष आतिथ्य में ग्राम जोरातराई (अ) निवासी भानु साहू एवं मोहन निषाद को समाज कल्याण विभाग की दिव्यांग सहायता योजना के तहत ट्राइसिकल प्रदान की गई ताकि उनकी दैनिक गतिविधियों में सहूलियत हो सके और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। ट्राइसिकल पाकर भानु व मोहन के चेहरे खिल उठे और उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार माना। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि कहा कि दिव्यांग लोगों को हीन भावना से ग्रसित नहीं होना चाहिए। आज के समय में दिव्यांग लोग कई क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं। उपकरण मिलने से उनके लिए कई कार्य सुगम हो जाएंगे। इससे उनकी प्रगति में मदद मिलेगी। साथ ही उन्होंने सरकार की तमाम योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा नेता रामस्वरूप साहू, जनपद पंचायत कुरूद के कार्यरोपण अधिकारी झालेंद्र कंवर, रामकुमार सोनी, ग्राम सचिव दिनेश चंद्राकर सहित अन्य पंचायत अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर हितग्राहियों को साइकिल सौंपते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## तहसील कार्यालय भखारा में हुआ बोर खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



तहसील कार्यालय में बोर खनन हुआ। ज्ञात हो कि भखारा भठेली में पानी की समस्या हमेशा रहती है क्योंकि यह ड्राई जोन में आता है, लेकिन इस गर्मी में जनप्रतिनिधियों की तत्परता से पेयजल की कमी महसूस नहीं हुई। प्री प्लानिंग के साथ जिस तरह उन्होंने पेयजल की सुगम व्यवस्था संचालित की उससे किसी भी व्यक्ति या संस्था को परेशानी नहीं हुई.। पूरे भखारा भठेली सहित आवागमन करने वाले यात्रियों व्यक्तियों को पानी की कमी महसूस नहीं हुई। जनप्रतिनिधियों ने अपील की है कि भविष्य में पानी की तकलीफ न हो उसे देखते हुए जल संरक्षण को अनिवार्य अपनाएं, पानी का संरक्षण करें, बरसाती पानियों को भी स्टोर करने का हर संभव तरीका अपनाएं। पेयजल खनन पर लगे प्रतिबंध के हटने के पश्चात पीएचई एजेंसी के माध्यम से तहसील कार्यालय में पानी चेक कर पीएचई रायपुर की सर्वे टीम के माध्यम से बोर खनन करवाया गया। इस दौरान तहसीलदार भूपेंद्र चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, एसडीओ गजेंद्र, तकनीकी अमला जल विभाग प्रभारी हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, शोभा साहू, कमलेश साहू एवं हरीश बैगा की उपस्थिति रही। अधिवक्ता संघ के जितेंद्र तेलासी ने नगर पंचायत एवं तहसील कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

**निधन**

### भागेश बैद



**धमतरी।** स्थानीय सदर बाजार कचहरी चौक निवासी भाजपा नेता भागेश बैद पिता भंवरलाल बैद 56 वर्ष का 17 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा गृह निवास से आज सुबह 10.30 बजे निकाली जाएगी। वे यश बैद, दिव्य बैद के पिता व नितिन बैद के चाचा थे। उनके निधन की खबर से शहर में शोक की लहर दौड़ गई।

## नपं अध्यक्ष व बस्ती पंचायत के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को सहयोग करने का भरोसा दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष और बस्ती पंचायत के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एक दूसरे को सहयोग करने का भरोया दिलाया। मौके पर भखारा बस्ती पंचायत के अध्यक्ष दिनेश साहू, सचिव जागेंदर साहू, उपाध्यक्ष यशवंत साहू, कोषाध्यक्ष खोमन साहू, सहसचिव ईश्वर साहू, संरक्षक अनिल निर्मलकर का स्वागत किया गया। अतिक्रमित अन्य क्षेत्र में मवेशियों की रोकथाम पर चर्चा की गई। कांजी हॉउस की व्यवस्था पर सहमति जताई गई। इस अवसर पर ज्योति जैन, विष्णु साहू, हरख जैन आदि उपस्थित रहे।

## कुरूद महाविद्यालय परिसर में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में प्राचार्य डॉ.एके मिश्रा के निर्देशन में टिकेश साहू मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनभागीदारी समिति तथा जनभागीदारी समिति के सदस्यों के विशेष आतिथ्य में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया, जिसमें छोटे बड़े कदम ताल, बादाम, नीम, गुलमोहर, टिबियारोजा, पाम पे फोरम के 111 पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समिति के सदस्यों एवं छात्रों द्वारा जनसमूहों में प्रकृति प्रेम की भावना विकसित करना, पर्यावरण संतुलन एवं वृक्षों के महत्व पर समाज का ध्यान आकर्षित कराना है।

मौके पर भोजराज चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि, सूरज देवांगन सांसद प्रतिनिधि, शशांक कृदत्त, अविनाश शुक्ला, खेमराज सिन्हा, ममता साहू, अनुराधा साहू, मनीष सारथी, सुरेश वर्दयानी, टीकम कटारिया, लोमेश यादव, यदुनंदन साहू टिकेश साहू प्रो. डॉ. आरके पाण्डेय, संयोजक प्रो. एमएस साहू विभागाध्यक्ष भूगोल, सदस्य पवन ताम्रकार, एनसीसी एवं बीपीएड प्रभारी डॉ. ओमजी गुप्ता, एनएसएस प्रभारी विजय कुमार, रेणु पाटले, श्रीमती एस. धृतलहरे विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, राकेश सोनकर विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र, श्रीमती शीबा वंजारी विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र, कृपाराम साहू विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र, कौस्तुभ तिवारी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं प्राध्यापक शामिल हुए।

## गुरु पूर्णिमा पर मानसगान की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)





गुरु पूर्णिमा पर ग्राम कांटाकुर्रीडीह में मानसगान का आयोजन किया गया जिसमें मानस शक्ति केंद्र कुकरेल की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने शानदार प्रस्तुति दी। तुलसी के बिरवा मानस परिवार कांटाकुर्रीडीह, ज्ञान गंगा मानस परिवार मारदापोटी, सरस्वती महिला मानस परिवार नयापारा कुकरेल, आदर्श मानस परिवार सिरौद खुर्द, मानस परिवार सुरही उत्तर बस्तर, नव जागृति मानस परिवार छिंदभरी द्वारा राम की महिमा बताई गई।

कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष महेश दास मानिकपुरी और सचिव रेवत लाल साहू ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य चंद्रकला साहू, भीषम साहू, कवि कुलदीप सिन्हा, संरक्षक रूपसिंग साहू, संतोष साहू, राधेलाल ध्रुव थे। इस आयोजन में मानस शक्ति केंद्र कुकरेल के सदस्य रेखराम यादव, व्यासनारायण पडौटी, ओमप्रकाश पडौटी समेत बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वीरेंद्र कुमार कुंजाम ने दी है।

## नवीन प्राथमिक शाला पुरी में मनाई गई गुरु पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

नवीन प्राथमिक शाला पुरी में शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। लावण्या यादव कक्षा 5वीं, चांदनी यादव द्वारा श्रीफल एवं पुष्पमाला द्वारा गुरुजनों का सम्मान किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक देवांगन, नारायणसिंह यादव, थनवारसिंह यादव, जगदीश सोनवानी समेत अन्य उपस्थित थे।

## बिरेतरा स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। गुरु की महिमा पर आधारित स्वागत गीत गीतांजलि, टीनम, मधु कक्षा ग्यारहवीं द्वारा प्रस्तुत किया गया। खुशी यादव कक्षा बारहवीं ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य गेवाराम नेताम ने भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्यों के बीच आत्मीय संबंध, गुरु पूर्णिमा पर्व मनाने के पीछे के पौराणिक तथ्यों तथा गुरु के अर्थ को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। गुरु शिष्यों के संबंधों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सुमन एवं डिंपल कक्षा ग्यारहवीं व आभार प्रदर्शन छात्र संघ प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता चोवाराम चंद्राकर ने किया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर अपने गुरुजनों को मुंह मीठा कराकर एवं श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया।

मौके पर संस्था के व्याख्यातागण रोहित कुमार साहू, खेदी साहू, डी. संगीता राव, साजिया परवीन, चेतनलाल देवांगन, चंद्रशेखर यादव, पीटीआई अश्विनी पाटकर, विज्ञान सहायक दुलेश्वर सिंह साहू, शिक्षिकाएं माला साहू, सत्यवती साहू, मोनिका साहू, कार्यालय सहायक सेवाराम यादव, भृत्य ईगन साहू समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया मेगा फूड पार्क का निरीक्षण

# लो वोल्टेज और पानी की समस्या से जल्द मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धमतरी जिले के मेगा फूड पार्क बगौद का अवलोकन किया। कलेक्टर ने फूड पार्क के नेटक्योर बायोटेक के उत्पादन, नेटक्योर बायोटेक होम्योपाथी दवा निर्माण की इकाई को भी बारीकी से देखा। होम्योपैथी दवा निर्माण इकाई में काम कर रही युवतियों से बातचीत की। उनका हालचाल जाना। उन्होंने उनसे पढ़ाई-लिखाई और कामकाज की भी जानकारी ली। इस अवसर पर जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम कुरूद नभसिंह कोसले, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संतोष नेताम मौजूद थे।

कलेक्टर ने लो वोल्टेज की समस्या, पानी की समस्या पर कहा कि जल्द ही विद्युत सबस्टेशन और पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने एसडीएम कुरूद को तात्कालिक तौर पर एक नलकूप खनन कराने के निर्देश दिए। मालूम हो कि फूड पार्क में वर्ष 2021 से उत्पादन शुरू हुआ है। फूडपार्क संस्था के संचालक श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि फूड पार्क में 7 करोड़ का पूंजी निवेश किया गया है। वर्तमान में इसमें लगभग 40 लोगों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। जिसमें ग्राम बगौद की 7 स्थानीय युवतियां शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि मेगा फूड पार्क में अब तक 13 इकाईयां स्थापित हो चुकी हैं जो फ्लोर मिलिंग, आयुर्वेदिक दवा निर्माण, फोर्टीफाईड राइस, दाल मिल, राइस ब्रांड ऑयल आदि खाद्य पदार्थों का निर्माण कर रही है। 236 लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है और जल्द ही 10 नये उद्योग प्रक्रियाधीन है।

## पक्षकारों को शीघ्र न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान

■ अधिवक्ता संघ की मासिक बैठक भखारा तहसील के सभागार में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



अधिवक्ता संघ कुरुद की मासिक बैठक भखारा तहसील के सभागार में आयोजित की गई जिसमें अधिवक्ता हितों व अधिवक्ताओं की समस्या के निराकरण के लिए व पक्षकारों को शीघ्र सस्ता सुलभ न्याय प्राप्त हो, इस संबंध में चर्चा की गई। अधिवक्ता संघ की बैठक अधिवक्ता कक्ष तहसील कार्यालय में अध्यक्ष रमेश पांडेय की अध्यक्षता में हुई।

अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि अधिवक्ता संघ समाज का विद्वान वर्ग है इसलिए समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। हमें पक्षकार के हित के लिए हर संभव प्रयास करना है। क्योंकि पक्षकारों को सस्ता, शुलभ, शीघ्र न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। अधिवक्ता व पक्षकारों के हितों के लिए निरंतर कार्य करना ही हमारा प्रथम लक्ष्य है।

बैठक में अधिवक्ता हेमंत साहू, विश्वेश्वर साहू, एकनाथ साहू, नोटरी जितेंद्र तेलासी, रामखिलावन लहरी, बलदाऊ साहू, तोरण साहू, खेमन निर्मलकर, अश्वनी चंद्राकर, मगेंद्र साहू, ओमेश तेलाशी, धामु साहू, शेखर मानिकपुरी, गणपत साहू, गिरधर साहू, देवीलाल साहू व अधिवक्ता लिपिक प्रदीप साहू उपस्थित थे। बैठक का संचालन जितेंद तेलासी व आभार प्रदर्शन हेमंत साहू अधिवक्ता ने किया।

**खबर संक्षेप**

### आईटीआई मेघा में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 18 से

**मगरलोड।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई मेघा में संचालित विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। इस काउंसिलिंग के तहत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 18 जुलाई से 23 जुलाई तक विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगा। संस्था में कोपा कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, सोलर टेक्नीशियन जैसे रोजगारपरक व्यवसाय संचालित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी चॉइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी।

### मौसम आधारित फसल बीमा 31 तक

**धमतरी।** राज्य शासन कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम में फसल बीमा कराने के लिए 31 जुलाई तक समय-सीमा तय की गई है जिसमें टमाटर, बैगन, मिर्च अदरक, केला, पपीता, अमरूद फसल खरीफ में सम्मलित है। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को विपरीत मौसम जैसे कम तापमान, अधिक तापमान बीमारी अनुकूल मौसम, कीट व्याधियों का प्रकोप, लगातार अवर्षा की स्थिति निर्मित होना ओलावृष्टि आदि से होने वाले नुकसान से बचाने पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा लागू की गई है।

### जनता की जेब में सरकार कर रही डकैती : कांग्रेस

**धमतरी।** प्रदेश में बिजली दरों की वृद्धि को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। सभी ब्लॉकों से विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इस बड़ी हुई बिजली दर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, पूर्व विधायक अशोक सोम, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, प्रदेश सचिव तारिणी चंद्राकर, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, नीलम चंद्राकर, वरिष्ठ नेता प्रभातराव मेघावाले, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, कैलाश प्रजापति, डीहूराम साहू, आशीष शर्मा, राजू साहू, भूषण साहू, अखिलेश दुबे, तपन चंद्राकर, युका जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी, एनएसयूआई अध्यक्ष राजा देवांगन, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन करेगी।

चार दिन के भीतर गड्ढे की फिलिंग नहीं हुई तो निगम में धरना देने की चेतावनी

# हटकेशरवासियों के लिए मुसीबत बना पाइपलाइन के लिए खोदा गया गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



हटकेशर के मुख्य मार्ग में पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। स्थिति यह है कि चारपहिया वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। दोपहिया और पैदल चलने वाले भी गिरकर घायल हो रहे हैं। सबसे बुरी स्थिति तो इस लंबी पाइप लाइन के गड्ढे के आजू-बाजू रहने वालों की है। मोटरसाइकिल घर पर ही कैद हो गई है। निस्तारी पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। मुसीबत अब इस बात की है कि ठेकेदार ने काम को यथास्थिति छोड़ दिया है। बारिश के बाद काम शुरू होने की खबर से वार्डवासियों में आक्रोश है और निगम की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी में है।

उल्लेखनीय है कि सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मुजगहन से फिल्टर पानी को नागसागर तालाब में डालने के लिए पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है। रत्नाबांधा तालाब की ओर से शासकीय स्कूल से पहले तक पाइपलाइन बिछाने में विशेष दिक्कत नहीं रही लेकिन स्कूल से लेकर नागसागर तालाब तक पाइपलाइन के लिए गड्ढा खुदाई से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार चौक निवासी श्यामलाल रावटे, संतोष यादव बताते हैं कि गड्ढा खोदने से पेयजल पाइपलाइन टूटने से उन्हें सप्ताह भर पीने के पानी के लिए तरसना पड़ा। अपने पैसे से मिस्त्री बुलाकर पेयजल पाइपलाइन को दुरूस्त करना पड़ा। बाजार चौक से आगे आने पर सड़क संकरी है। रवि यादव ने बताया कि उनके घर का निस्तारी पाइप और पेयजल पाइप को गड्ढा खुदाई के दौरान तोड़ दिया गया है। खुदाई बाद से पेयजल मिलना बंद हो चुका है। सीवरेज पाइप लाइन के पाइप की ठेकेदार ने इस तरह मरम्मत की है कि सीवरेज का पानी निकलने के बदले वापस होने लगता है। उन्होंने कहा कि पहले सीवरेज पाइप को कम लेवल में करेंगे, इसका कोई पता है। गड्ढा हफ्तों से खुला पड़ा है। स्कूली बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं।

सेलून की दुकान चलाकर अपने घर का परिवर का जीविकोपार्जन करने वाले संतोष सेन बताते हैं कि उसके घर के सामने गली संकरी होने से ले देकर चारपहिया वाहन गुजरता था। गड्ढा खुदाई के दौरान घर से निकलने वाली गंदा पानी के पाइप को बचाकर गड्ढा खोदा गया। गंदा पानी निकासी पाइप के नीचे पेयजल की पाइप लाइन गुजरी हुई है। उपर नीचे पाइप के बीच जगह नहीं होने के बाद ठेकेदार ने हड़बड़ी में राइजिंग पाइप बिछाया। दो दिन बाद इस जगह के पांच राइजिंग पाइप को फिर से निकाल लिया गया और काम को बारिश तक के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन के लापरवाही पूर्ण काम से उसका व्यवसाय चौपट हो गया है। घर के सामने दोपहिया वाहन खड़ा करना तो छोड़यि घर की मोटरसाइकिल को अंदर-बाहर नहीं कर पा रहे हैं। खोदे गए गड्ढे की पटाई, नहीं होने से स्कूली बच्चे, पैदल चलने वाले, दोपहिया, साइकिल चालक गिरकर घायल हो रहे हैं।

महापौर ने ठेकेदार को पेयजल पाइप को दुरूस्त करने के लिए पैसे देने को कहा था लेकिन खुद के पैसे से लोगों को पीने के पानी का कनेक्शन दुरूस्त कराना पड़ा। निगम की कार्यप्रणाली से वह काफी दुखी है। खोदे गए गड्ढों को नहीं पाटे जाने से वार्डवासियों में आक्रोश पनप रहा है। नाग मंदिर समिति के पदाधिकारी गिरधर देवांगन, अशोक पटेल, जगतराम साहू ने कहा कि 28 जून को नागनाथ की पालकी यात्रा निकलेगी। इससे पहले गड्ढे की फिलिंग नहीं हुई तो निगम में वार्डवासी आंदोलन करेंगे।

## मत्स्याखेट का ठेका स्थानीय मछुआ समिति को देने की मांग



■ मछुआरा संघ का प्रतिनिधिमंडल महापौर से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गंगरेल बांध में मत्स्याखेट (मछली पालन) का ठेका स्थानीय मछुआ समिति को दिए जाने की मांग को लेकर मछुआरा संघ का प्रतिनिधि मंडल नगर निगम कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधियों ने महापौर रामू रोहरा से भेंटकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा और स्थानीय मछुआरों के हितों की रक्षा की अपील की।

प्रतिनिधिमंडल में कांताप्रसाद निषाद, अंगद मंडावी, गंगाराम निषाद, सुरेश मरकाम, जोहान नेताम, कृष्णा कुरेठी और रोहित निषाद शामिल थे।

उन्होंने बताया कि गंगरेल बांध से वर्षों से स्थानीय मछुआरों की आजीविका जुड़ी हुई है, ऐसे में यदि ठेका बाहरी पक्षों को दिया जाता है, तो इससे सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट आ जाएगा। महापौर रामू रोहरा ने मछुआ समुदाय की चिंता को गंभीरता से लेते हुए उन्हें उचित कार्रवाई और प्रशासन स्तर पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

## एडवांस मेडिटेशन में प्रतिभागियों ने पाई आध्यात्मिक ऊर्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आर्ट ऑफ लिविंग की धमतरी इकाई द्वारा चार दिवसीय एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सुमिता पंजवानी ने बताया कि यह शिविर ध्यान की गहराई, श्वास तकनीकों और सुदर्शन क्रिया के माध्यम से जीवन में स्थिरता और सकारात्मक दृष्टिकोण लाने के उद्देश्य से किया गया था।

प्रतिभागियों ने आत्मनिरीक्षण के माध्यम से मानसिक शांति, आंतरिक आनंद और आध्यात्मिक ऊर्जा का गहन अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम की प्रशिक्षिका डॉक्टर सरिता बाजपेई थी। कार्यक्रम में भोजराज सिंह, कोमल प्रसाद, रमाकांत, सरोज, पीएन साहू, सुमिता पंजवानी, लकी वालेचा का मुख्य योगदान रहा।

फरियादी पक्ष ने पुलिस को घटना की दिखाई वीडियो रिकार्डिंग

## महिला सरपंच से गाली-गलौज करने वाला उपसरपंच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



शराब के नशे में महिला सरपंच के साथ अभ्रद व्यवहार करने वाले ग्राम पंचायत डाही के उपसरपंच को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

गुरुवार को कुरुद थाना पहुंची ग्राम पंचायत डाही की महिला सरपंच सुमन देवांगन ने लिखित शिकायत में बताया कि उपसरपंच जोतिबा खरे द्वारा हमेशा पंचायत कार्यालय आकर शराब के नशे में मेरे साथ गाली-गलौज करता है। पदस्थ कर्मचारियों के साथ भी हमेशा बदतमीजी से बात करता है। 16 जुलाई को भी उपसरपंच ने रविन्द्र देवदास सचिव, हरीश कुमार ऑपरेटर, सुभाषिणी कोसरे रोजगार सहायक एवं भोजराम पटेल चपरासी की मौजूदगी में सरपंच सुमन देवांगन के साथ गाली-गलौज की। इसी बीच उपसरपंच के पिता भी वहां आ गया। उनके सामने भी जोतिबा खरे पंचायत पदाधिकारियों से झगड़ा करता रहा, इतना सब कुछ देखने-सुनने के बावजूद उसके पिता नेतराम खरे अपने बेटे को समझाने की बजाय सरपंच को बीच सड़क पर मारने की धमकी देने लगा। जैसे-जैसे हमने दोनों को पंचायत भवन से बाहर निकाला तो वे दोनों बीच सड़क पर मारने की धमकी देने लगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। फरियादी पक्ष ने घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी दिखाई है। कुरुद पुलिस ने उपसरपंच जोतिबा खरे के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351-2 के तहत कार्रवाई की। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## डीएसपी कार्यालय परिसर में अशोक के पौधे रोपे



पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को लेकर डीएसपी कार्यालय परिसर में अशोक के पौधे रोपे गए। इस कार्यक्रम में पौधरोपण के साथ सांसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएं हम जैसे जागरूकता नारों के साथ आमजनों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस दौरान डीएसपी मीना साहू व मोनिका मरावी के साथ ही लायनेस क्लब की फाउंडर मेंबर प्रभा रावत, अध्यक्ष जानकी गुप्ता, उपाध्यक्ष सोना चंदवानी, पूजा रामरख्यानी, शिल्पी महावर, कनक शाह, नव्या वाधवानी सहित डीएसपी कार्यालय के एसआई राकेश मिश्रा, प्रआ उमाकांत साहू, आरक्षक फलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे। यह पहल न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक कदम है अपितु आम नागरिकों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का अहसास दिलाने का भी सशक्त माध्यम है।

## सत्संग से हमारे भीतर की अशुद्धियां दूर होंगी : बीके भगवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ब्रम्हाकुमारीज धमतरी द्वारा आध्यात्मिक उन्नति हेतु संगठित योग तपस्या भट्टी का आयोजन किया गया। रायपुर रोड स्थित ब्रम्हाकुमारीज के तपोवन में माउंट आबू से पधारे राजयोगी भगवान की उपस्थिति में इस तपस्या भट्टी का शुभारंभ हुआ। सुबह 7 से संध्या 6 बजे तक मुख और मन तथा मोबाइल के भी मौन के साथ सभी ने अपनी आत्म उन्नति के लिए तपस्या की। सरिता दीदी ने कहा कि विश्व में अस्थिरता का वातावरण है। हर मन अशांत है। ऐसे में राजयोग की साधना करने वाले सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम परमात्मा शिव से शक्ति लेकर पूरे विश्व में शुभ भावना, शुभ कामना के प्रकम्पन फैलाएं। बीके भगवान ने कहा कि जीवन में जब परिस्थितियां आती हैं, हम हिल जाते हैं क्योंकि हमारी आध्यात्मिक साधना नहीं के बराबर है। आज के समय में मोबाइल चक्रव्यूह के समान है जिसमें आज हर कोई फंसता जा रहा है। यदि हम आध्यात्मिक उन्नति चाहते हैं तो प्रतिदिन सत्संग अवश्य करें। इससे हमारे अंदर की अशुद्धियां दूर होती हैं। कार्यक्रम का संचालन प्राजक्ता बहन ने किया।

## अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मोटरसाइकिल में अवैध रूप से गांजा की तस्करी कर रहे आरोपी को सिहावा पुलिस ने नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 60 हजार रूपये के अवैध गांजा बरामद किया गया है।

एसपी के निर्देशन में सिहावा पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सिहावा पुलिस को मुखबिर से एक व्यक्ति द्वारा बोरी से मादक पदार्थ गांजा का अवैध परिवहन किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई। पुलिस बताए गए रूट में ग्राम सांकरा के मुख्य मार्ग में फारेस्ट नाका के पास नाकेबंदी कर तस्कर का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान बताए गए हुलिये का एक मोटरसाइकिल सवार पहुंचा जिसे रोककर पूछताछ कर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति के कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नरेन्द्र कुमार साहू पिता जोहतराम उम्र 60 वर्ष महावीरपारा ग्राम सांकरा थाना सिहावा निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6 किलो 120 ग्राम अवैध गांजा कीमत लगभग 60 हजार, मोटर साइकिल कीमत 40 हजार, 1 नग कीपैड मोबाइल फोन कीमत 1 हजार व नगदी 150 रूपये कुल 1 लाख 1 हजार 150 रूपये की जब्ती की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट 20-ख के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी नरेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## संगठनात्मक शक्ति तभी दिखेगी जब हमारी आवाज संगठित हो : जगनीक यादव

■ छग झेरिया यादव समाज मीडिया प्रकोष्ठ की हुई वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के मीडिया प्रकोष्ठ की वर्चुअल बैठक हुई, जिसमें समाज के सूचना एवं प्रचार तंत्र को आधुनिक स्वरूप देने को लेकर मंथन किया गया। यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव एवं प्रदेश महामंत्री सुनील यादव की अगुवाई में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की गतिविधियों, उपलब्धियों, आयोजनों एवं सामाजिक पहल को प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना है। प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने कहा कि मीडिया किसी भी समाज का मुखर चेहरा होता है। हमें अपनी सामाजिक एकता और उपलब्धियों को उजागर करना होगा। संगठनात्मक शक्ति तभी दिखेगी जब हमारी आवाज़ संगठित हो और यह कार्य मीडिया के बिना संभव नहीं है। प्रदेश महामंत्री सुनील यादव ने मीडिया की बदलती भूमिका और डिजिटल युग में उसकी प्रासंगिकता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समाज का प्रचार-प्रसार केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के संगठन, एकजुटता और पहचान का सशक्त औजार है। बैठक में यह भी प्रस्तावित किया गया कि प्रत्येक जिला ब्लॉक एवं नगर इकाई के मीडिया प्रतिनिधि समाज की गतिविधियों की रिपोर्टिंग नियमित रूप से करें। सोशल मीडिया पर साप्ताहिक गतिविधियों की समेकित प्रस्तुति के लिए एक प्रणाली विकसित की जाए, ताकि समाज का डिजिटल दस्तावेज तैयार हो सके और युवा वर्ग इससे प्रेरित होकर अधिक सक्रिय हो।

बैठक में पतित यादव, विजय यादव, चंद्रप्रकाश यादव, रोशन यादव, सुदेश यादव, भगवती यादव, कमलेश यादव, प्रेम यादव, ओंकार यादव, लेखराम यादव, अनूप यादव, पुखराज यादव, सौरभ यादव, विजय यादव, ज्ञान सिंह यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### भुसरेंगा स्कूल परिसर में किया पौधारोपण

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। शाला परिसर में यूको क्लब के बच्चों एवं शिक्षकों ने फलदार और फूलदार पौधों का रोपण किया। यूथ एवं यूको क्लब प्रभारी श्रीमती गीता साहू ने कहा कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए तथा उनकी देखभाल, उनकी रक्षा करनी चाहिए।

## उमस ने बढ़ाई बेचैनी, खंड वर्षा जारी

**धमतरी।** जिले में खंड वर्षा और उमस का मौसम बना हुआ है। गुरूवार को दो बार काली घटा छाई लेकिन 10-15 मिनट की खंड वर्षा हुई। बारिश में कमी आने से उमस बढ़ गई है। उमस भरे मौसम से लोगों में बेचैनी है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर छग में शुक्रवार से बारिश की तीव्रता में कमी आएगी। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा तीव्रता में वृद्धि होगी। मानसून द्रोणिका के अब बीकानेर, दतिया, दक्षिण-पूर्व उत्तरप्रदेश, उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश, डेहरी, पुरूलिया, दीघा से उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ने की संभावना है। प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है वहीं प्रदेश के एक-दो स्थानों पर मेघ-गर्जन की चेतावनी दी गई है।

# नशे के खिलाफ लोगों को जागरुक करने 32 दिनों में 5200 किमी साइकिल चलाई

■ नशामुक्त भारत बनाने साइकिल पर निकले चर्रा के तुलसी तीन माह बाद धमतरी लौटे

■ शहर पहुंचने पर मां विंध्यवासिनी मंदिर के सेवादारों व नागरिकों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम चर्रा के तुलसीराम साहू हिन्दुस्तान को नशामुक्त का संदेश देने साइकिल से भारत भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, नोएडा, उत्तरप्रदेश, पंजाब आदि राज्यों का दौरा साइकिल से किया और लोगों को संदेश दिया कि नशे से दूर रहें। नशे के खिलाफ आवाज उठाएं। 32 दिनों की यात्रा में तुलसीराम ने 5200 किमी साइकिल चलाई। दिनभर साइकिल से यात्रा करते, लोगों को संदेश देते, वहां के समाजसेवी संस्थान से मिलकर नशे के खिलाफ मुहिम चलाते थे। रात्रि होने पर विश्राम करते, सुबह होते ही अपनी मुहिम में जुट जाते थे। बुधवार रात्रि को धमतरी पहुंचने पर धमतरी के नागरिकों एवं मां विंध्यवासिनी मंदिर के सेवादारों ने फूलमालाओं से स्वागत कर उनके संदेश को लोगों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया।

तुलसीराम ने अपना संस्मरण सुनाते हुए कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों का दौरा करने पर पता चला कि भारतवासी काफी नेकदिल हैं। लोगों ने उन्हें भरपूर प्यार और सहयोग दिया। यात्रा का खर्च, भोजन पानी, चिकित्सा का लाभ दिलाया। रात्रि में शयन के लिए जगह दी। उन्होंने बताया कि जहां भी जाते, वहां नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की। उनके परिवार में घटित घटना का ब्यौरा दिया कि कैसे उनके भाई ने नशे की गिरफ्त में आकर अपना जीवन तबाह कर लिया और स्वर्ग को सिधार गए। उनका परिवार आज अनाथ हो गया है। यह सीख वे लोगों को देते थे। उनकी बातें सुनकर कईयों ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया।

तुलसीराम ने बताया कि इससे पूर्व भी दो बार साइकिल से भारत भ्रमण कर नशे के खिलाफ लोगो को संदेश दिया है जिसका अच्छा प्रतिसाद मिला था। 2020 में दिल्ली से लालकिला तक नारी सुरक्षा के लिए यात्रा की। 2024 में धमतरी से अयोध्या तक यात्रा की। इस बार धमतरी से अमृतसर ब्यास तक यात्रा की है। उन्होंने बताया कि इस बार धमतरी से नेपाल यात्रा करेंगे और नशे के दुष्परिणाम लोगो को बताएंगे। तुलसीराम स्वयं नशे से दूर हैं। उनके परिवार में भी कोई नशा नहीं करता।

धमतरी पहुंचने पर मां विंध्यवासिनी मंदिर के पास सेवादार समिति के दिनेश भोजवानी, अरूण महाराज, राजा महाराज, नीलू साहू, आदर्श ठाकुर, चित्रांश श्रीवास्तव, गिरिराज साहू, सुशांत साहू, रूद्रनिकेतन यादव, करण महार, शक्ति सोनकर, लोकेश्वर, भूपेंद्र, कुणाल सोनकर, ओम मरकाम, आर्यन सोनकर ने स्वागत किया।

## बिरेतरा साहू समाज ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

साहू समाज बिरेतरा के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जिम गार्डन में वृहद पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। सदस्यों ने पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष कुमार साहू, सचिव पदुमलाल साहू, संरक्षक परसराम साहू, उपाध्यक्ष टालसिंग साहू, सहसचिव देवकुमार साहू, अंकेक्षक दूजराम साहू, पांघर प्रमुख नरेन्द्र साहू, बलदेवराम, जेठूराम, हेमलाल, रैनसिंग, कन्हैयाराम, गजेन्द्र साहू, नंदकुमार साहू, अनिल कुमार, चिरौंजी लाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस योगासन स्पोर्ट्स सिटी लीग 20 को



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस योगासना स्पोर्ट्स सिटी लीग का आयोजन मूकबधिर विद्यालय धमतरी में 20 जुलाई रविवार को किया जा रहा है जिसमें ट्रेडिशनल योगासन इवेंट्स, आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट्स, आर्टिस्टिक पेयर, रिथमिक पेयर इवेंट्स 18 वर्ष से कम आयु वर्ग व 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। 20 जुलाई को ही बालक वर्ग के लिए जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें आयु वर्ग 10+ 14 वर्ष, 14+ से 18 वर्ष, 18+ से 28 वर्ष, 28+ से 35 वर्ष, 35+ से 45 वर्ष, 45+ से 55 वर्ष तक के आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जो ट्रेडिशनल इवेंट, आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट्स, आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट्स, आर्टिस्टिक पेयर इवेंट्स, रिथमिक पेयर इवेंट्स में भाग ले सकते हैं। जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में जो खिलाड़ी चयनित होंगे, वे राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह जानकारी धमतरी जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव भोजेंद्र साहू ने दी।

## श्रम पंजीयन शिविर 21 जुलाई से

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण आदि के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। इसके लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि धमतरी विकासखण्ड के भवन निर्माण कार्य रामबाग धमतरी में 21 जुलाई को, आमातालाब रोड धमतरी में 23 जुलाई और गोदाम निर्माण कार्य, बाईपास के पास श्यामतराई धमतरी में 25 जुलाई को श्रम पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगरी विकासखण्ड में 18 जुलाई को चुरियारापारा नगरी, धमतरी के कण्डेल में 21 जुलाई, कुरूद के सिर्री में 22 जुलाई, नगरी के सांकरा में 25 जुलाई, धमतरी के खरेंगा में 28 जुलाई, कुरूद के बगदेही में 29 जुलाई, धमतरी विकासखण्ड के ग्राम छाती में 30 जुलाई और कुरूद विकासखण्ड के ग्राम भेण्डरवानी में 31 जुलाई को श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में मिला 71वां रैंक, अब प्लास्टिक मुक्ति के लिए अभियान का आगाज

# निगम का कमाल, पहली बार स्वच्छता में तीन स्टार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम धमतरी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अपने रैंक में 71वां स्थान प्राप्त किया है। अब तक यह रैंकिंग 500 से उपर थी। इस बड़ी छलांग से नगर निगम के कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि भी गदगद हैं और इससे बेहतर परफार्मेंस देने के लिए अभी से तैयारी में जुट गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नगर पालिका निगम धमतरी ने पूरे देश में 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में 71वां स्थान किया है। खास बात यह है कि धमतरी को पहली बार 3 स्टार सर्टिफिकेशन भी प्राप्त हुआ है। यह सिर्फ एक रैंक नहीं, बल्कि नगर निगम की टीम, सफाई कर्मियों, स्वच्छता दीदी, सुपरवाइजरों, और जागरूक नागरिकों की लगातार मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम है। महापौर रामू रोहरा ने इस उपलब्धि में मुख्य भूमिका निभाई है। स्वच्छता के प्रति समर्पित होकर वे लगातार निरीक्षण करते रहे। वे प्रतिदिन नगर के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे और जनता को जागरूक किया।

श्री रोहरा ने कहा कि यह सफलता धमतरी की जनता और निगम की टीम की है। सफाई कर्मियों की मेहनत के बिना यह संभव नहीं था। उन्होंने घोषणा की है कि सदर उत्तर वार्ड को मॉडल वार्ड के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां बेहतर सफाई, जल निकासी, कचरा प्रबंधन व्यवस्था कर जनसहभागिता को बढ़ावा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लुनिया भी सफाई व्यवस्था को सशक्त और व्यवस्थित बनाने में बेहद सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे वार्डों का दौरा करने के साथ सफाई कर्मचारी से सीधा संवाद कर रहे हैं और समस्याओं का मौके पर हल कर रहे हैं।




### अधिकारियों की मेहनत रंग लाई



निगम आयुक्त प्रिया गोयल और स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा की सक्रिय उपस्थिति और मेहनत से निगम के हर विभाग की व्यवस्था में सुधार आया है। तकनीकी निगरानी व्यवस्था से रैंकिंग में सुधार लाने में मदद मिली है। निगम के सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी और सुपरवाइजरों की प्रमुख भूमिका है। जब शहर सोता है, तब ये लोग काम पर होते हैं। सुबह 4 बजे से पहले हर वार्ड में सफाई शुरू होती है।

### स्वच्छ वार्ड को मिलेगा एक लाख का इनाम



महापौर श्री रोहरा ने सभी वार्डों के बीच स्वच्छता प्रतियोगिता की घोषणा की है। जो वार्ड सबसे साफ, सुंदर और अनुशासित होगा, उसे 1 लाख का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इससे हर पार्षद और वार्डवासी जागरूक होकर भागीदारी निभाएंगे। यही नहीं प्लास्टिक मुक्त अभियान को बढ़ावा देने के लिए शहर में दो स्थानों पर बर्तन बैंक की स्थापना की घोषणा भी की है। बर्तन बैंकों से शादियों, सामाजिक कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों के लिए निःशुल्क स्टील के बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे।

## रूद्री की 4 दुकानों में हुई चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

चोरों ने शेड से बने छप्पर को फाड़कर भीतर प्रवेश कर चार दुकानों में चोरी की वारदात की है। मिली जानकारी के अनुसार रूद्री चौक के एटीएम के आसपास स्थित डेलीनीड्स, मोबाइल व रेस्टोरेंट में अज्ञात चोर ने बुधवार की देर रात्रि शेड के रास्ते भीतर प्रवेश कर सामान व गल्ले से हजारों रुपये की चोरी कर ली। गुरुवार की सुबह दुकान खोलने पर भीतर सामान बिखरा पड़ा था। उपर लगे शेड में बड़ा सुराख था। इससे पहले भी इसमें से दो दुकान में चोरी हो चुकी है। शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश कर रही है।

## परशुराम तपस्या स्थल पहुंचे विप्रजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ब्राम्हण समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने नगरी ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों से सामाजिक संगठन एवं वर्तमान में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। समाज के पूर्व अध्यक्ष ललित शर्मा, अध्यक्ष रवि दुबे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला ने बताया कि नगरी ब्राम्हण समाज द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

आगामी बैठक में समाज हित में निर्णय लिया जाएगा। आने वाले समय में विभिन्न त्योहारों में कुछ कार्यक्रम किया जाएगा। नगरी के सामाजिक भवन का निरीक्षण किया गया। भगवान परशुराम के विशाल फरसा के दर्शन कर उनके प्रतिनिधि के रूप में राजेश तिवारी के साथ परसापानी पहुंचकर भगवान परशुराम के तपस्वी स्थल पर समाजजनों द्वारा ध्यान किया गया।

कोटेश्वर महादेव मंदिर में भगवान कोटेश्वर महादेव का विधि-विधान से पूजा की गई। मौके पर भूपेंद्र मिश्रा, दिनेश अवस्थी, अशोक पांडेय शास्त्री, अयोध्या प्रसाद पांडेय, अतुल तिवारी, रूपेश उपाध्याय, नवीन शर्मा ने वहां निवासरत संन्यासी सत्यनारायण से संपर्क कर भगवान परशुराम से संबंधित तपोस्थली, कोटेश्वर महादेव द्वारा परशुराम जी को फरसा प्रदान किए जाने संबंधी जानकारी ली।

## रुद्री-गंगरेल मार्ग में बिरखेगी खुशबू

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 200 फूल के पौधे रोपे गए
- पौधा लगाकर भूलना नहीं, उन्हें पेड़ बनने तक संभालना हमारी जिम्मेदारी : महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रुद्री से गंगरेल मार्ग तक वृहद पौधरोपण किया गया। नगर निगम महापौर रामू रोहरा, अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष नेहरू निषाद, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने विभिन्न फूल प्रजातियों के चम्पा आदि का पौधा रोपित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे अभियान से प्रेरित होकर देशभर में लाखों लोग अपनी माताओं के नाम पर पौधरोपण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर भूलना नहीं है, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक संभालना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से नगर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने की अपील की।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि गंगरेल धमतरी की पहचान है और प्रतिवर्ष यहां लाखों पर्यटक आते हैं। इस क्षेत्र को और आकर्षक बनाने के लिए रुद्री से गंगरेल तक के मार्ग को फ्लावर रूट के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग सहित नगर के विभिन्न स्थलों पर भी पौधरोपण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। विभिन्न फूल प्रजातियों के 200 पौधे लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि रुद्री से गंगरेल डेम तक विभिन्न फूल प्रजातियों के 5,000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस अवसर पर जिपं सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, सरपंच गंगरेल श्रीमती शीला सविता, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी, एसडीएम पीयूष तिवारी, जनपद सीईओ दीपक ठाकुर, चेयरमैन रेडक्रॉस सोसाइटी श्रीमती प्राप्ति वाशानी, सीएमएचओ सचिव डॉ. यूएल कौशिक, जिला संगठक आकाशगिरी गोस्वामी, शिक्षकगण एवं स्कूली-महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं तथा अन्य अधिकारी व नागरिक उपस्थित थे।

## राष्ट्र का विकास तभी संभव है जब किसान विकसित होगा : कविता



- खम्हरिया में जिपं सदस्य ने अरहर बीज का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत जुनवानी एवं खम्हरिया के किसानों को अरहर बीज का वितरण कविता योगेश बाबर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर कविता बाबर ने कहा कि यह योजना अक्टूबर 2007 से भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित है। इसका मुख्य उद्देश्य फसल विकास को बढ़ावा देना एवं खाद्यान्न का अतिरिक्त उत्पादन प्राप्त करना है। मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करने के उद्देश्य से किसानों के हित में यह योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में प्रमाणित एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का वितरण किसानों को किया जाता है। इस दौरान किसान नरसिंग साहू, सुरेंद्र साहू, गंगूराम यादव, खेमू यादव, यशवंत साहू, जोहितराम साहू, भारत साहू, विनोद साहू, रानू साहू, हेमिन बाई कतलाम, मीना नेताम, शिवदयाल साहू को अरहर बीज का वितरण किया गया। मौके पर जुनवानी सरपंच ज्ञानिकराम साहू, सरपंच खम्हरिया प्रकृति यादव, उपसरपंच विनोद कुमार साहू, कृषि विस्तार अधिकारी मयंक नागवंशी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मकेश्वर वार्ड में शिव महापुराण सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मकेश्वर वार्ड में शिव महापुराण का आयोजन किया गया है। द्वितीय दिवस सुबह 8 से 10 बजे तक पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया। दोपहर 2 बजे से शिव प्राकट्य, आदि शिवलिंग उत्पति, शिव पूजन विधि के साथ शिव महिमा का रसपान किया गया। मौके पर पार्षद आशा लोधी, नंदू लोधी, मनोज विश्वकर्मा, अनूप लोधी, जितेंद्र साहू, तामेश्वर वैष्णव, अजय नेताम, संतोष दास, देवराज पटेल, उत्तम साहू, राजीव शर्मा, राकेश प्रजापति, दुष्यंत ढीमर, शंकरदास, भागा बाई विश्वकर्मा, रूक्मणि साहू, प्यारा बाई प्रजापति, केजा बाई समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।





## इंटर स्कूल ड्रॉइंग प्रतियोगिता में दो सौ छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

- चित्रों के माध्यम से जल के महत्व और संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब ऑफ धमतरी के संयुक्त प्रयास से नूतन स्कूल सिहावा चौक में इंटर स्कूल ड्रॉइंग चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता की थीम जल संरक्षण (वाटर) रही, जिसमें बच्चों ने रचनात्मक चित्रों के माध्यम से जल के महत्व और संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर बच्चों के लिए हाइजीन (स्वच्छता) पर विशेष सेमिनार भी आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अंशिका भट्ट मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल, द्वितीय पुरस्कार अंशराह इरफान मेमन अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन, तृतीय पुरस्कार वृद्धि शर्मा डीपीएस स्कूल ने प्राप्त किया। 10 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।



विशेष अतिथि रोटे. मदनमोहन खंडेलवाल, रोटरी क्लब अध्यक्ष मनीष मित्तल, सचिव अर्पित जैन, डीजी अमित जासवाल, पीपी मदन मोहन खंडेलवाल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजीत खंडेलवाल एवं ममता खंडेलवाल समेत अन्य रोटेरियन सदस्य आरके साहू, जीआर मगर, दिलीप मेहता, अजय गोयल, सुनील अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राहुल जैन, श्रवण गोयल, नंदन दोशी, सत्येंद्र शर्मा, राहुल गोयल, इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्रीमती सुधा अग्रवाल, सचिव श्रीमती नेहा लाट, इनरव्हील क्लब की सदस्य श्रीमती ज्योति गोयल, पायल गोयल, पिंकी खंडेलवाल, पूनम मित्तल, रीतु लनुवात, इला मेहता, रश्मि श्रीवास्तव, श्रुति अग्रवाल, हेमल दोशी, मनीषा शाह, तारा झंवर, कामना जैन, अलका जैन, रूपल जैन, ओमलता राठी, कृष्णा अग्रवाल, पम्मी खालसा, दिशा महावर रहे।




### महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में रूद्री के विकास की ओर ऐतिहासिक कदम

# रूद्रेश्वर कॉरिडोर और रिवर फ्रंट से जिले को मिलेगी नई पहचान

- महापौर के प्रयास को रूद्रीवासियों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल रूद्रेश्वर (रूद्री) के सर्वांगीण विकास के लिए महापौर रामू रोहरा द्वारा की गई पहल अब धरातल पर उतरने लगी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रूद्रेश्वर कॉरिडोर और रिवर फ्रंट निर्माण की मांग करते हुए महापौर ने एक दूरदर्शी कार्ययोजना प्रस्तुत की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए शीघ्र सर्वेक्षण के निर्देश दिए हैं।



इस ऐतिहासिक प्रयास की नगरभर में प्रशंसा हो रही है। इसी क्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामा देवी साहू, नरेश साहू, गोपालराम साहू, केवल राम साहू, घनश्याम यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर रामू रोहरा का फूलमालाओं से स्वागत किया और उनके नेतृत्व की सराहना की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह योजना केवल एक विकास कार्य नहीं, बल्कि रूद्री के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन मूल्यों को नया जीवन देने वाली ऐतिहासिक पहल है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार और सुविधा मिलेगी, बल्कि धमतरी जिले को भी एक नई पहचान और गति मिलेगी। महापौर रोहरा की यह दूरदर्शिता निश्चित ही आने वाले समय में धमतरी को आधुनिकता और परंपरा का संगम बनाकर प्रस्तुत करेगी।

## रोहित शालानायक, पूरब उप शालानायक चुने गए

- हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में शाला नायक का चुनाव लोकतांत्रिक पद्धति से हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शासकीय हाईरूकूल बाजार कुर्रीडीह में शाला नायक का चुनाव लोकतांत्रिक पद्धति से मतदान द्वारा किया गया। कक्षा दसवीं के रोहित कुमार शाला नायक व कक्षा नवमी के पूरब कुमार उप शालानायक, सचिव भूमिका, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी, अनुशासन प्रभारी सुमन, सांस्कृतिक सचिव गुंजा, क्रीड़ा सचिव रघुवीर, दसवीं कक्षा नायक टेमिन, नवमी सिद्दी चुने गए। वरिष्ठ व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बताया कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है। यहां हर पाच वर्ष के उपरांत निर्वाचन पद्धति से चुनाव किया जाता है। विद्यार्थियों को इसी प्रक्रिया से अवगत कराने की दृष्टि से इस प्रकार चुनाव कराया गया। शाला नायक के लिए पांच तथा उपनायक के लिए तीन प्रत्याशियों का नामांकन किया गया। उन्हें अपने पक्ष में प्रचार करने हेतु समय प्रदान किया गया। वोटिंग हेतु बूथ बनाया गया जिसमें सभी व्याख्याता ने रिटर्निंग ऑफिसर से लेकर पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक एक दो तीन की भूमिका निभाई। उन्हें अपनी पसंद का प्रत्याशी चुनने को कहा गया और एक-एक करके वह अपना वोट मत पेटी में डालते गए। अन्य विद्यार्थियों ने एजेंट की भूमिका भी निभाई। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद शिक्षकों ने मतगणना की और विजयी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव ने सभी को शुभकामनाएं दी। सभी पदाधिकारियों को व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने शपथ दिलाई। चुनाव प्रक्रिया में चुम्मन साहू, कमलेश कुमार निषाद, शिवकुमारी नेताम, भावना रामटेके व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।













